विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन

क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2021/ 1192 दिनांक :- 9/11/2021

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय,
विक्रम विश्वविद्यालय,परिक्षेत्र।

विषय :- सत्र 2021-22 में आवेदित पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता/सम्बद्धता-निरंतरता/सीट वृद्धि प्रदान करने के संबंध में।

संदर्भ :- विश्वविद्यालय का पत्र क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2021/394,दिनांक 06.082021,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय के उक्त संदर्भित पत्र द्वारा 2021-22 में आवेदित पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता/सम्बद्धता-निरंतरता/सीट वृद्धि प्रदान करने हेतु निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था। अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा उक्त निर्देशों का पालन नहीं किया गया है जिस कारण उन महाविद्यालयों के सम्बद्धता/सम्बद्धता-निरंतरता/सीट वृद्धि के प्रकरणों पर कार्यवाही नहीं की जा सकी।

अतः पुनः निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 18.11.2021(गुरुवार) तक अनिवार्य रूप से कार्यालयीन समय में निर्धारित प्रारूप में नोटराईज्ड शपथ पत्र, सम्बद्धता आवेदन एवं जमा किये गये शुल्क की रसीद, म.प्र. शासन/सक्षम निकाय से प्राप्त अनुमति/अनापत्ति पत्र की प्रति एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित विश्वविद्यालय में जमा करावे, ताकि आपके महाविद्यालय के उपरोक्त प्रकरणों पर कार्यवाही की जा सके।

साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि निर्धारित तिथि तक महाविद्यालय द्वारा उपरोक्त कार्यवाही नही करने पर सत्र 2021-22 में परीक्षा/पात्रता/नामांकन एवं आगामी सत्र 2022-23 में सम्बद्धता/निरंतरता/सीट वृद्धि संबंधी कार्यवाही संपादित नहीं की जा सकेगी, जिसका समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय का होगा।

आदेशानुसार

संलग्न :- शपथ पत्र का प्रारूप एवं निरंतरता आवेदन की प्रति।

कुलसचिव

क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2021/ 1193 दिनांक :- 9/11/2021

प्रतिलिपि :-

01. निदेशक, महाविद्यालयीन विकास परिषद्, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
02. उप/सहायक कुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
03. प्रभारी ऑनलाईन सेल, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
04. प्रभारी वेबसाईट, कम्प्यूटर सेंटर की ओर विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।
05. माननीय कुलपतिजी/कुलसचिवजी के निज सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन। की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

कुलसचिव

37E/New Fold./Desktop/Z-1